NICT/Sep/2014/013

Only for internal circulation

NICT संपर्क
साप्ताहिक समाचार पत्र

जय माता दी

## कार्य को विस्तृत रूप दें – सभी योजनाओं का कार्यान्वयन हो व लोगों से हो सीधा संपर्क

हम सभी जानते है कि, जब से महत्वाकांक्षी **''जन धन योजना''** की शुरूवात की गयी है, तब से बैंकिंग के क्षेत्र में संबंधित प्रतिनिधियों द्वारा कार्य करने की होड सी लग गयी है, जो हमारे देश के ग्रामीण पिछड़े क्षेत्रों के परिदृश्य को देखते हुये आवश्यक भी है, इसलिये इसे दो चरणों में रखा गया है, ताकि निर्धारित अवधि पर इस योजना को सफलता पूर्वक पूरा किया जा सके।

महत्वाकांक्षी 'जन धन योजना' को आम जन तक पहुँचाकर उसे कार्यांवित करना तो हमारा लक्ष्य है ही, मगर क्या एनआईसीटी के समस्त ग्राहक सुविधा केन्द्र (एसडीपी) एनआईसीटी से जुड़कर केवल बैंकिंग सेवाओं को देकर अपने संगठन के सर्वांगणीय लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है, जबकि हमारे पास बैंकिंग सेवाओं के अलावा भी अन्य लाभकारी योजनाऐं है, जो आमजन के लिये ही है।



इस न्यूज़लेटर के माध्यम से हम सभी को बता देना चाहते है, कि **एनआईसीटी द्वारा कियोस्क बैंकिंग, ब्रोकिंग सेवाऐं, रेल टिकिटिंग, इन्श्योरेन्स, प्रान कार्ड, पेन कार्ड व आईआरसीटीसी** आदि सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसे शहरी क्षेत्रो के अलावा दूरदराज ग्रामीण अंचलो में एसडीपीओं के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है।

अब इस स्थिति में जहाँ हजारों एसडीपीओं द्वारा सेवाओं को दिया जाना है, तो जाहिर सी बात है, कि कहीं न कहीं किसी एसडीपी द्वारा सेवाओं के परिचालन में कोई चूक होती ही होगी, जो हम सब की नजर में भी नहीं आ पाती। अगर इस तरह की स्थिति निर्मित होती है, तो हमारे एसडीपी संचालको का दायित्व बनता है, कि कोई व्यवहारिक या तकनीकि चूक हो इसके पहले से ही, इसके पुख्ता इन्तजाम कर लिये जाये। सबसे पहले तो सभी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जाये, उसके वाद यह देखा जाऐ कि, सेवा केन्द्रों में आ रहे लोगों की क्या समस्या है, व इन्हे किन–किन दस्तावेजो के लिये किस तरह से तैयार होना है, क्योकि मूल रूप से गामीण क्षेत्रो में आवश्यक दस्तावेजो की कमी के कारण से लोगों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है।



जब क्षेत्रीय स्तर पर लोगों को अपनी परेशानी को समझने और उसे पूरा करने का रास्ता मिल जायेगा तो वैसे भी एसडीपी संचालक को सेवाओं का सही तौर से परिचालन करने में कोई समस्या ही नही होगी। वैसे भी हमारा ध्येय लोगों को जागरूक कर लाभान्वित करने का जो है, उसे भी पूरा करने में आसानी होगी। इसके अलावा हमारे राज्य स्तर के समस्त स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर (एसपीएम) अपनी भूमिका को समझते हुये राज्य में अपने जिला स्तर पर इस तरह की जानकारी समय–समय पर लेते रहे, ताकि इस तरह की समस्या का निराकरण तत्काल किया जा सके।

एनआईसीटी द्वारा संचालित पूर्व विदित सेवाओं में बैंकिंग के साथ–साथ अन्य सेवाओं का पूरी **संचालन व्यवस्था के साथ** कार्यान्वयन हो, इसलिये भी हमारा यह **संवाद** आप सभी के साथ होना आवश्यक था। जिसके पूर्ण सफलता हमारे एसडीपीओं और आमजन के आपसी सामंजस्य पर आधारित है।
हम चाहते है कि एसडीपी बैंकिंग सेवाओं के अलावा अन्य सेवाओं को भी दुरूस्त करें और दूसरी तरफ आमजन अपनी जिज्ञासा को जो शासकीय योजना की सेवाओं को जानने की है उसे एसडीपी में जाकर जानकारी के माध्यम से पूरा करे, तभी इस संवाद के उद्देश्य को पूरा किया जा सकता है।

**''संपर्क'' के माध्यम से हमारा यह संवाद एसडीपी और आम नागरिकों के मध्य एक प्रतिविम्ब सावित हो सके, ताकि एनआईसीटी द्वारा दी जा रही सेवाओं का समय रहते पालन हो और इस पूरे संगठन द्वारा किये जा रहे कार्यो का मूल उद्देश्य ग्राहक सुविधा केन्द्र (एसडीपी) के क्षेत्रीय नागरिकों को सरलता और पूर्ण सहयोग देना है, इसे पूरा किया जा सके।**

**संजय सोनी**
**संपादक –न्यूज़लेटर ''संपर्क''**

## कर्नाटक

दिनांक 20 सितम्बर 2014 को गुलबर्ग जिला के महागाँब ग्राम में ''एसबीआई'' कियोस्क (1ए760187) में महत्वाकांक्षी ''जन धन योजना'' के अंतर्गत एक शिविर का आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्रीय लोगों के बैंक खाते खोले। शिविर का संचालन श्रीमती योगिता कारेहोला द्वारा किया गया।







दिनांक 25 सितम्बर 2014 को चिकमगलुरू जिला के छन्नापुरा ग्राम में ''एसबीआई'' के ''ग्राहक सेवा केन्द्र'' का शुभारम्भ हुआ। इस कियोस्क का उद्घाटन श्री शशिकांत पीबी (शाखा प्रबंधक– संबंधित शाखा) ने किया। इस अवसर पर एनआईसीटी से चेनल पार्टनर श्री गुरूप्रसाद उपस्थित रहे।







## गुजरात

दिनांक 24 सितम्बर 2014 को ''कच्छ'' जिला में बैंक ऑफ इण्डिया के शाखा प्रबंधक और क्षेत्रीय प्रबंधक की उपस्थिति में एक बैठक का आयोजन किया गया।







दिनांक 24 सितम्बर 2014 को जिला ''भारूच'' में बडौदा गुजरात ग्रामीण बैंक के नये संचालक श्री बी.आर. पटैल के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।

## उड़ीसा





दिनांक 26 सितम्बर 2014 को कटक (जिला) में एनआईसीटी चेनल पार्टनर कार्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को डोमेन हेड (बैंकिंग) व श्री सपन मिश्रा (बीडीएम) द्वारा संचालन किया गया।

## इंदौर एवं देवास के ''लोक सेवा केन्द्र'' को प्रदेश के मुख्य मंत्री द्वारा मिला उत्कृष्टता अवार्ड

दिनांक 25 सितम्बर 2014 को इंदौर एवं देवास जिला कलेक्टरेट में स्थापित ''लोक सेवा केन्द्र'' के संचालक क्रमशः श्रीमती सोनिया हजेला एवं श्री जितेन्द्र चौधरी को कई वर्षो से सूचना एवं प्रोद्यौगिकी एवं सामाजिक उद्यमिता के क्षेत्र में कार्यो के सफल क्रियान्वयन के लिये उत्कृष्टता अवार्ड दिया गया। इस अवार्ड को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भोपाल में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान दिया गया।





## एनआईसीटी और मध्यान्चल ग्रामीण बैंक सागर के बीच अनुबंध



दिनांक 25 सितम्बर 2014 को एनआईसीटी द्वारा ''मध्यान्चल ग्रामीण बैंक सागर'' के साथ अनुबंध किया गया जिसमें अब एनआईसीटी बैंक कियोस्क केन्द्रों के माध्यम से लोगों को सेवाऐं प्रदान कर सकेगा।



दिनांक 25 सितम्बर 2014 को धार जिला में ''नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक'' की त्रिमूर्ति शाखा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ''एनआईसीटी'' द्वारा चयनित 12 बैंक मित्रों के कार्यो का उद्घाटन भी हुआ। जो नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक के लिये अपने कार्यो का संचालन करेगें। इस अवसर पर श्रीमती जयश्री कियावत (कलेस्टर–धार) श्री श्रीकांत बनोठ (सीईओ–जिला पंचायत, धार) श्री के. राघवेन्द्र (चेयरमैन –नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक, धार) श्री आलोक खरे (एनआईसीटी–इंदौर) श्री रोहित चौधरी (एनआईसीटी–डीएम–धार) उपस्थित रहे।







दिनांक 26 सितम्बर 2014 को बड़वानी (जिला) में एनआईसीटी के श्री मनीष शर्मा (डीएम– बड़वानी) द्वारा महत्वाकांक्षी ''जन धन योजना'' के अंतर्गत अलग–अलग स्थानों पर शिविर का आयोजन कर लोगों के बैंक खाते खोले व लोगों को इस योजना से संबंधित जानकारी देकर जागरूक किया।









## पश्चिम बंगाल




दिनांक 13 सितम्बर 2014 को पुरूलिया (जिला) के पाथारमाहरा मनबाजार (ग्राम) में ''ग्राहक सेवा केन्द्र'' का शुभारम्भ किया गया। इस कियोस्क की संचालक श्रीमती सोनाली सेन है।






दिनांक 10 सितम्बर 2014 को नादिया (जिला) के केन चुआदंगा ग्राम में ''ग्राहक सेवा केन्द्र'' का शुभारम्भ किया गया। इस कियोस्क के संचालक श्री शिरसेन्दू सरकार है।




दिनांक 07 सितम्बर 2014 को तुरूलिया (जिला) के बामुनदिहा ग्राम में ''ग्राहक सेवा केन्द्र'' का शुभारम्भ हुआ। इस कियोस्क के संचालक श्रीज्योतिन्दर नाथ महातो है।




दिनांक 04 सितम्बर 2014 को पश्चिम मेदनीपुर जिला के खिरपई ग्राम में ''ग्राहक सेवा केन्द्र'' का शुभारम्भ किया गया। इस कियोस्क के संचालक श्री सुकल्यान चक्रवर्ती है।

## राजस्थान




जिला सिकार में ''बैंक ऑफ बड़ौदा'' के एसडीपी (17040178) का शुभारम्भ।

## उत्तराखण्ड




दिनांक 25 सितम्बर 2014 को कुमैन जिला के ग्राम उघम सिंह नगर में ''एसबीआई'' के ''ग्राहक सेवा केन्द्र'' को उद्घाटन हुआ। इस कियोस्क का उद्घाटन संबंधित एसबीआई के शाखा प्रबंधक द्वारा किया गया। कियोस्क संचालक श्री किशन पाल है।

## भयाभय बाढ़ आपदा के बीच लोगों से संपर्क कर जागरूकता लायी – इस ''जज़्बे'' को सलाम



जहाँ एक तरफ 'असम और मेघालय' में बाढ़ का विनाशकारी रूप देखने को मिल रहा है जिसमें लगभग 3.7 लाख लोग प्रभावित हुये है। लोगों के बचाव कार्य में वायु सेना के हेलिकॉप्टर तक लगे है, सेना, एनडीआरएफ तथा एसडीआरएम की टीम बचाव और राहत अभियान में जुटी है। जिसमें मेघालय की हालत काफी खराव है इस भयावय मंजर की जानकारी हमने गुवाहाटी के एसपीएम श्री एन.के. ठाकुरिया और मीडिया द्वारा प्राप्त की है।



वही दूसरी तरफ आमजन की जीवन जीने की लड़ाई रूकि नहीं है, जैसे मानो हमारा समाज इस तरह की आपदा से जूझने को हर पल तैयार रहता हो। जिसे हम ''जज़्बा'' ही कह सकते है और इसी जज़्बा के साथ हमारी एनआईसीटी टीम ने ''जन धन योजना'' के अंतर्गत ''बैंक ऑफ बड़ौदा'' के बैंकिंग सेवाओं के लिये गुवाहाटी के कई वार्डो में जाकर लोगों से सीधा संपर्क किया और लोगों को जागरूक करने का पूरा प्रयास किया।

एनआईसीटी द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा के लिये हमारे सीएसपीओं के माध्यम से लखीमपुर, बारपेटा, नगांव, गुवाहाटी मेट्रो और कोकराझार में जन संपर्क कर लोगों को खाता खोलने के लिये जागरूक किया।

## बढ़ते कदम

### हरियाणा

जिला अम्बाला के मालिकपुर बांगर ग्राम के ''बैंक ऑफ इंण्डिया'' के एसडीपी संचालक श्री सुरेन्द्र कुमार ने दिनांक 15 सितम्बर तक 30 दिनों में 900 बैंक खाते खोले। आपको बधाई।

### महाराष्ट्र

महत्वाकांक्षी ''जन धन योजना'' के अंतर्गत एनआईसीटी महाराष्ट्र द्वारा समस्त सर्विस केन्द्रों में लोगों को जागरूक करने कार्य किया है और निरंतर अपने प्रयासों के माध्यम से सभी को जागरूक किया है। समस्त स्टॉफ को बधाई।

### मध्यप्रदेश/छत्तीसगढ़

दिनांक 20 सितम्बर से 26 सितम्बर 2014 तक मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में ''एसबीआई'' कियोस्क में बैंक खाते व आर डी खाते खोलने में **प्रथम स्थान** पर रहे लोगों के नाम–

**बैंक खाता–**

शाजापुर जिले (म.प्र.) के स्थान आगर में श्री रीतेश शर्मा (32800454) द्वारा 648 बैंक खाते खोले गये। इस कियोस्क द्वारा अपने क्षेत्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य किया गया। आपको बधाई।

बिलासपुर जिला के पेन्ड्रा लोकेशन (छत्तीसगढ़) में श्री विनय कुमार (32801274) द्वारा 279 खाते खोले गये। आपको बधाई।

**आर डी खाता–**

धार जिला (म.प्र.) के मनावर एसबीआई कियोस्क संचालक श्री प्रकाश चोखानी ने सबसे ज्यादा 399 आर डी खाते खोले। आपको बधाई।

रायपुर जिला (छत्तीसगढ़) के गुड़ियारि एसबीआई कियोस्क संचालक श्रीमति मेघा वर्मा ने 60 आर डी खाता खोले। आपको बधाई।

### उत्तरप्रदेश

जिला मेनपुरी के ''बैंक ऑफ बडौदा'' की संचालक श्रीमती जया पाण्डे द्वारा 400 खाते खोले। इस कियोस्क की शुरूवात 30 अगस्त 2014 को हुयी थी। आपको बधाई।